## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद पौड़ी पुलिस ने बढ़ाई चौकसी

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : दिल्ली बम ब्लास्ट के बाद पौड़ी पुलिस ने भी चौकसी बढ़ा दी है। बॉडर पर खासकर पुलिस पूरे अलर्ट मोड पर है और हर आने-जाने वाले वाहनों और लोगों पर नजर रखी जा रही है। एसएसपी ने पुलिस क्षेत्राधिकारी से लेकर सभी थाना प्रभारियों को चेकिंग को बढ़ाते हुए संदिग्धों पर कड़ी नजर रखने के लिए कहा है।

कोटद्वार के पास पड़ने वाली उत्तर प्रदेश की सीमा से लेकर अन्य जिलों के बॉडर पर पुलिस ने सघन चेकिंग अभियान चला रही है। पुलिस मुख्यालय ने दिल्ली ब्लास्ट के बाद ही ये निर्देश जारी किए थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार ने बताया कि सभी थाना प्रभारियों को खासकर यूपी बॉडर से लेकर अन्य जनपदों की सीमाओं पर पड़ने वाले थानों को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए। रात्रि के समय भी चेकिंग पोस्टों पर वाहनों को चेक करने के लिए कहा गया है। एसएसपी के मुताबिक बाहरी वाहनों पर विशेष नजर रखी जा रही है। इसके साथ ही रात्रि गश्त को बढ़ाया गया है। किसी भी संदिग्धकता की हालत में कार्रवाई के लिए कहा गया है। एसएसपी के निर्देश पर थानों ने अपने-अपने क्षेत्रों में चेकिंग शुरू की है।

### जानलेवा हमले के आरोपी को भेजा गिरफ्तार

जयन्त प्रतिनिधि। सतपुली : सतपुली पुलिस ने जानलेवा हमले के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में जेल दिया गया है। मामला राजस्व पुलिस से रेगुलर पुलिस को ट्रांसफर हुआ था।

इस मामले में बीती 21 जुलाई को चौबट्टाखाल निवासी शिव प्रसाद नवानी ने राजस्व पुलिस चौकी मगाड़ीगाड़ में शिकायत दर्ज करवाई थी। जिसमें बताया था कि आरोपी ने उन पर धारदार हथियार (बसूली) से जानलेवा हमला कर हत्या का प्रयास किया है। राजस्व पुलिस ये यह मामला रेगुलर पुलिस को ट्रांसफर हुआ और सतपुली थाने के पास जांच के लिए आया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक पौड़ी सर्वेश पंवार ने बताया कि इस मामले में विवेचक की तैनाती करते हुए जांच शुरू की गई। जांच के दौरान यह भी पाया गया कि आरोपी के खिलाफ इससे पहले भी गवाणी बाजार में एक व्यक्ति के पेट में चाकू घोंपने का मामला दर्ज हुआ है। साक्ष्य जुटाते हुए पुलिस ने आरोपी यतेन्द्र नवानी निवासी चौबट्टाखाल को सतपुली क्षेत्र से गिरफ्तार किया। इसके बाद आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है। पुलिस टीम में एसआई दिनेश कुमार और संजय शामिल रहे।

### थराली में 18 नवम्बर को जागरूकता शिविर

चमोली : माननीय उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, नैनीताल के निर्देशों के अनुपालन में एवं माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पुनीत कुमार की अध्यक्षता में 18 नवम्बर, 2025 (मंगलवार) को प्रातः 10:00 बजे डाक बंगला, रामलीला मैदान, ग्वालदम (थराली) में बहुउद्देशीय विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया जाएगा। शिविर में आम जनमानस को विधिक जानकारी, सरकारी योजनाओं की जानकारी एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर जिला स्तरीय अधिकारीगण भी उपस्थित रहेंगे, जो नागरिकों को विधिक एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देंगे। (एजेंसी)

### शशि गोस्वामी बनें अध्यक्ष

रुद्रप्रयाग : जूनियर हाईस्कूल शिक्षक संगठन रुद्रप्रयाग की ब्लॉक शाखा जखोली का वार्षिक अधिवेशन प्राथमिक विद्यालय तुनेटा में हुआ। अधिवेशन में सर्वसम्मति से नई कार्यकारिणी का गठन कर शशि गोस्वामी को अध्यक्ष, दामोदर गोस्वामी को मंत्री, गोपाल रावत को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, शिशु मोहन को संयुक्त मंत्री तथा गोपाल लाल शाह को कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध चुना गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष दलेब सिंह राणा ने कहा कि नई टीम के नेतृत्व में संगठन शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने की ठोस पहल करेगा।

### बच्चों को पिलाई स्वर्ण अमृत की दो बूंदें

रुद्रप्रयाग : जिला आयुर्वेद अस्पताल में आयोजित स्वर्णप्राशन संस्कार शिविर में 6 माह से 12 वर्ष तक के कुल 61 बच्चों को 'स्वर्ण अमृत' की दो बूंदें पिलाई गईं। जिले में पहली बार आयोजित इस निःशुल्क शिविर में अभिभावकों ने विशेष उत्साह के साथ प्रतिभाग किया।

# तहबाजारी पर ध्यान, जनता झेल रही परेशानी

## शहर में लगातार बढ़ती जा रही रेहड़ी-ठेली वालों की संख्या



कोटद्वार नगर में सड़क किनारे लगी फल-सब्जी की रेहड़ी-ठेलियां

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : शहर में रेहड़ी-ठेली वालों की बढ़ती संख्या आमजन के लिए चुनौती बन रही है। हालत यह है कि नगर निगम का ध्यान केवल इन रेहड़ी-ठेली वालों से तहबाजारी वसूलना है। जबकि, इनके अतिक्रमण के कारण बिगड़ रही व्यवस्थाओं पर कोई ध्यान देने को तैयार नहीं है। ऐसे में कैसे शहर की व्यवस्थाओं में सुधार होगा यह बड़ा सवाल है।

शहर में शायद ही कोई ऐसी सड़क हो, जहां आपको फल-सब्जी की रेहड़ी-फड़ न दिखाई दे। पूरे दिन सड़कों पर घूम रहे यह रेहड़ी-ठेली वाले यातायात के साथ ही अन्य व्यवस्थाओं में बाधा बन रहे हैं।

सबसे बुरी स्थिति बदरीनाथ मार्ग, गोखले मार्ग, पटेल मार्ग, स्टेशन रोड व देवी रोड पर बनी हुई है। सड़क पर सफेद पट्टी के बाहर खड़ी इन रेहड़ी-ठेलियों के कारण आमजन का पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है। नियमानुसार, शहर में घूमने वाली सभी रेहड़ी-ठेलियों का नगर निगम में पंजीकृत होना आवश्यक है। जिसके बाद नगर निगम उन्हें एक स्थाई जगह उपलब्ध करवाता है। लेकिन, कोटद्वार शहर में नगर निगम रेहड़ी-ठेली वालों को केवल आर्थिकी का जरिया बना रहा है। जबकि, आज तक धरातल पर उनके लिए कई स्थाई जगह चिह्नित नहीं की गई। निगम की इसी लापरवाही के कारण शहर में लगातार रेहड़ी-ठेली वालों की संख्या भी बढ़ती जा रही है। ऐसे में यदि इस ओर सख्ती से ध्यान नहीं दिया गया तो चुनौतियां और अधिक बढ़ सकती है।

### कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा

उत्तर प्रदेश के विभिन्न गांव से प्रतिदिन सैकड़ों रेहड़ी-ठेली वाले शहर में पहुंचते हैं। शहर में सब्जी व फल बेच रहे इन लोगों के बारे में नगर निगम व पुलिस के पास कोई जानकारी नही होती। ऐसे में यदि यह कोई आपराधिक घटना को अंजाम देते हैं तो पुलिस के हाथ खाली ही रहेंगे। जबकि, पूर्व में कई बार गोखले मार्ग में महिलाओं के साथ टप्पेबाजी की घटनाएं भी हो चुकी हैं। जिसके बाद शहरवासियों ने पुलिस व निगम से रेहड़ी-ठेली व फड वालों का सत्यापन करने की मांग उठाई। लेकिन, सरकारी सिस्टम ने इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया। कई रेहड़ी-ठेली वाले नगर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्ड की गलियों में भी घूमते रहते हैं।

### क्या कहते है नगर आयुक्त

कोटद्वार में फल-सब्जी विक्रेताओं के लिए स्थाई जगह की तलाश की जा रही है। फल-सब्जी की रेहड़ी-फड़ लगाने वालों को अलग-अलग वार्डों में शिफ्ट किया जाएगा। ...पीएल शाह, नगर आयुक्त, कोटद्वार नगर निगम

# जनता के हित में हटाए जाएं स्मार्ट मीटर

जयन्त प्रतिनिधि।



कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में ऊर्जा निगम के माध्यम से लगाए गए स्मार्ट मीटरों को हटाए जाने को लेकर क्षेत्रवासियों का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। क्षेत्रवासियों ने ऊर्जा निगम से लोगो के घरों में लगाए गए स्मार्ट मीटरों को तत्काल हटाए जाने की मांग की है। कहा कि यदि विभाग स्मार्ट मीटरों को नहीं हटाएगा तो वे स्वंय ही हटाने के लिए बाध्य होगें।

सोमवार को पार्षद रीता देवी के नेतत्व में आमपड़ाव, लकड़ीपडाव, ध्रुवपुर, लालपानी सहित विभिन्न क्षेत्रों के लोग तहसील परिसर में एकत्रित हुए, जहां पर उन्होंनं शासन-प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे समाज सेवी आशाराम ने कहा कि स्मार्ट मीटरों में तकनीकी खराबी के चलते खपत से ज्यादा बिल आ रहा है, जबकि पुराने विद्युत मीटरों में खपत के अनुसार की बिल आ रहा था, लेकिन विभाग ने अपने निजी फायदे के लिए पुराने मीटरों को हटाकर स्मार्ट मीटर लगा दिए है। कहा कि वे विगत 49 दिनों से तहसील परिसर में स्मार्ट मीटरों को हटाने के लिए आंदोलन कर रहे है, लेकिन शासन प्रशासन उनके आंदोलन की अनदेखी कर रहा है, जिससे क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ता ही जा रहा है। इस मौके पर मदन सिंह नेगी, जीतू, सुरेंद्र सिंह, परमानंद, गीता देवी, महेश नेगी, सुनीता सजवाण, बबीता रावत मौजूद रहे।

# मरम्मत कार्यों में सुधार नहीं हुआ तो अधिकारी पर होगी कार्रवाई

## डीएम ने किया नेशनल हाईवे का निरीक्षण

जयन्त प्रतिनिधि।

पौड़ी : जिलाधिकारी पौड़ी ने पौड़ी से पैडुल के बीच नेशनल हाईवे का निरीक्षण किया और हाईवे पर हो रहे पैच रिपेयर से लेकर पेटिंग का काम का जायजा लिया। डीएम कहा कि यदि निरीक्षण के बाद भी मरम्मत कार्यों में सुधार नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। डीएम ने पेटिंग के काम में हो रही लेटलतीफी पर नाराजगी व्यक्त करते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग खंड के अफसरों को गुणवत्ता के साथ इसे समय पर पूरा करने को कहा।

जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया ने कहा कि सीएम ने लोनिवि को पहले ही सड़कों को गड्ढामुक्त करने के लिए निर्देश दिए थे। इस बाबत जिले में सभी उपजिलाधिकारियों को मॉनटिरंग करने के लिए कहा गया। लोनिवि इस काम को मिशन मोड पर किया, लेकिन कई स्थानों पर काम अधूरा होने का मामले संज्ञान में आए। जिस पर एसडीएम को भी पौड़ी-सतपुली मार्ग के निरीक्षण के निर्देश दिए गए थे। एसडीएम ने ने जो रिपोर्ट भेजी उसमें पौड़ी से बुआखाल के बीच हाईवे पर कई जगह काम शुरू नहीं होना बताया। डीएम ने हाईवे का स्वयं निरीक्षण किया।

मरम्मत कार्यों में अनियमितता व शिथिलता पाए जाने नाराजगी जताई। कहा कि किसी भी प्रकार की ढ़िलाई या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिशासी अभियंता राजबीर सिंह को शेष काम को शीघ्र गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए गए। साथ ही काम की फोटोग्राफिक रिपोर्ट भी डीएम ने मांगी। कहा कि मरम्मत कार्यों की प्रगति का सत्यापन फिर किया जाएगा।

### बच्चों को वितरित किए कंबल

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत अपर कालाबड़ स्थित प्राथमिक विद्यालय नं. 4 में राज्य स्थापना दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्कूली बच्चों को कंबल वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ पार्षद आरती खरक्वाल ने किया। सर्वप्रथम अतिथियों ने राज्य निर्माण आंदोलनकारियों के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धाजंलि दी। पार्षद आरती खर्कवाल ने कहा कि उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारियों के संघर्ष व बलिदान से बना है। कहा कि राज्य निर्माण के लिए राज्य के 42 आंदोलनकारियों ने अपना सर्वस्व बलिदान दिया है। कहा कि राज्य निर्माण के बाद अब राज्य को सरसब्ज करने का प्रयास होना चाहिए। कहा कि अभी भी राज्य के समग्र विकास के लिए ठोस नीति बनाए जाने की जरूरत है। कहा कि राज्य बनने के बाद भी पर्वतीय क्षेत्रों से बहुत तेजी से पलायन हो रहा है, जिसे रोकने के प्रयास होने चाहिए। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने गढ़वाली, कुमाऊंनी लोक गीतों पर शानदार लोकनृत्य की प्रस्तुतियां दी। तत्पश्चात स्कूली बच्चों को कंबल वितरित किए गए। इस मौके पर महिलपाल सिंह बिष्ट, राजेंद्र चौधरी सुमित डोबरियाल, हरीश खर्कवाल मौजूद रहे।

# खेलो से होता है शारीरिक व मानसिक विकास

## दौड़ में अनुश्री व नीरज रहा अव्वल

जयन्त प्रतिनिधि।



कोटद्वार : लालपानी स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में शरदकालीन वार्षिक खेल प्रतियोगिता शुरू हो गई है। इस दौरान सौ मीटर दौड़ बालिका वर्ग में अनुश्री व बालक वर्ग में नीरज ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य विभाकर डबराल ने किया। प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि खेलकूद का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है। खेल प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने से न केवल शारीरिक व मानसिक विकास होता है, बल्कि सामाजिक विकास में भी खेल काफी सहायक हैं। खेलों में हिस्सा लेने से आत्मविश्वास तो बढ़ता ही है साथ ही टीम भावना व प्रतियोगिता की भावना का भी विकास होता है। इसके उपरांत सर्वप्रथम विद्यालय के चारों सदनों की परेड करवाई गई। 100 मीटर दौड़ बालिका वर्ग में अनुश्री ने प्रथम, परिधि द्वितीय व सान्वी रावत तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में नीरज बजेटा प्रथम, अथर्व नेगी द्वितीय व रौनक तृतीय रहे। प्री प्राइमरी बालिका वर्ग 50 मीटर दौड़ में विदिका प्रथम, दिव्यांशी द्वितीय व आराध्या तृतीय स्थान पर रही। प्राइमरी बालिका वर्ग में आवर्ती प्रथम, आकृति चौहान द्वितीय, अवनी तृतीय स्थान पर रही। बालक वर्ग में अयांश प्रथम, अंकित गुसांई द्वितीय व वंश तृतीय स्थान प्राप्त किया।

# रिले रेस में टैगोर व रमन हाउस रहा अव्वल



श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में आयोजित प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करते विद्यार्थी

जयन्त प्रतिनिधि।

कोटद्वार : देवी रोड स्थित श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल में दूसरे दिन विद्यार्थियों के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस दौरान रिले रेस बालक व बालिका वर्ग में टैगोर व रमन हाउस प्रथम रहे।

प्रतियोगिता को लेकर विद्यार्थियों में उत्साह बना हुआ है। दूसरे दिन सर्वप्रथम जूनियर वर्ग की बालक की रिले रेस प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें टैगोर हाउस प्रथम, रमन द्वितीय व तिलक हाउस तृतीय रहे। बालिका वर्ग में रमन प्रथम, टैगोर द्वितीय, तिलक तृतीय रहे। जूनियर वर्ग की कैरम की बालिका वर्ग में टैगोर हाउस प्रथम, रमन हाउस द्वितीय रहे। जूनियर बालक वर्ग में सुभाष हाउस प्रथम, टैगोर द्वितीय रहे। बैडमिंटन सीनयर बालक वर्ग में टैगोर प्रथम, रमन द्वितीय रहे। प्राइमरी बालिका वर्ग रिले रेस में सुभाष हाउस प्रथम, रमन द्वितीय व तिलक तृतीय रहे। बालक वर्ग में टैगौर प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय व रमन तृतीय स्थान पर रहा। इस मौके पर पूनम बहुखंडी, संतोष पंत, ब्रिजेंद्र सिंह नेगी मौजूद रहे।

### त्रिस्तरीय पंचायतों के उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार जनपद चमोली में त्रिस्तरीय पंचायतों के उपचुनाव की प्रक्रिया प्रारम्भ हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.)/जिलाधिकारी गौरव कुमार ने जानकारी दी कि ग्राम पंचायत सदस्य, ग्राम प्रधान एवं क्षेत्र पंचायत सदस्य के पदों पर उपचुनाव हेतु नाम निर्देशन पत्र 13 व 14 नवम्बर, 2025 को पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 5 बजे तक जमा किए जाएंगे। नाम निर्देशन पत्रों की जांच 15 नवम्बर, 2025 को पूर्वाह्न 10:00 से कार्य समाप्ति तक की जाएगी, जबकि नाम वापसी की अंतिम तिथि 16 नवम्बर, 2025 को पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 3 बजे तक निर्धारित की गई उसी दिन प्रतीक चिन्ह आवंटन की कार्यवाही भी की जाएगी। मतदान 20 नवम्बर, 2025 को प्रातः 8 बजे से सायं 5 बजे तक होगा तथा मतगणना 22 नवम्बर, 2025 को प्रातः 8 बजे से कार्य पूर्ण होने तक की जाएगी। जिलाधिकारी /जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) ने बताया कि नामांकन, जांच, नाम वापसी, मतदान और मतगणना की सभी प्रक्रिया पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराई जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्वाचन कार्य से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं समय पर सुनिश्चित की जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया सुचारूरूप से संपन्न हो सके।

# विद्यार्थियों को सेना में भर्ती होने के लिए किया प्रेरित

जयन्त प्रतिनिधि।



कोटद्वार के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में आयोजित कार्यशाला में जानकारी देते विशेषज्ञ

कोटद्वार : जानकीनगर स्थित रितेश शर्मा सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में विद्यार्थियों को सेना में भर्ती होने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को सेना भर्ती से संबंधित तैयारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

द्वितीय वायु सैनिक चयन केंद्र की ओर से विद्यालय में कार्यशाला का आयोजन किया गया। वायु सेना मुख्यालय दिल्ली से संस्थान में आए सर्जेंट बीएम उपाध्याय व सर्जेंट राकेश कुमार ने विद्यार्थियों को तीनों सेनाओं के बारे में जानकारी दी। कहा कि देश की सुरक्षा में सेना का एक बड़ा योगदान है। कहा कि बच्चों को जीवन में लक्ष्य तय कर आगे बढ़ना चाहिए। मेहनत करने वालों को सफलता अवश्यक मिलती है। कार्यशाला में सेना भर्ती के लिए शारीरिक मापदंड व शैक्षणिक योग्यता के बारे में बताया गया। साथ ही विद्यार्थियों को अग्निवीर भर्ती के बारे में बताया गया। कहा कि चार वर्ष की सेवा के बाद यदि युवक का चयन नहीं हो पाता तो उन्हें अन्य विभागों में भर्ती के लिए आरक्षण दिया जाता है। इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुकरेती, उप प्रधानाचार्य अनिल कोटनाला, राहुल भाटिया, भपेंद्र सिंह, रोहित बलोदी आदि मौजूद रहे।

# पंचायत के रिक्त पदों हेतु अधिसूचना जारी

## मतगणना की समाप्ति तक संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता हुई प्रभावी

जयन्त प्रतिनिधि।

रूद्रप्रयाग : त्रिस्तरीय पंचायत सामान्य निर्वाचन के पश्चात विभिन्न कारणों से रिक्त हुए सदस्य एवं ग्राम पंचायत के साथ ही सदस्य जिला पंचायत के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन करवाए जाने हेतु अधिसूचना जारी कर दी गई है। इसके साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों में एवं प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में तत्काल प्रभाव से आदर्श आचार संहिता भी प्रभावी हो गई है।

जिला मजिस्ट्रेट एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पं.) प्रतीक जैन संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जनपद रुद्रप्रयाग हेतु पंचायत के रिक्त पदों पर उप निर्वाचन कराए जाने हेतु समय-सारणी के अनुसार नाम निर्देशन पत्रों को जमा करने की तिथि 13 एवं 14 नवंबर के प्रातः 10 से सांय 5 बजे तक निर्धारित की गई है। 15 नवंबर को नाम निर्देशन पत्रों की जांच, 16 नवंबर को नाम वापसी के साथ ही निर्वाचन प्रतीक आवंटन की कार्यवाही की जाएगी।

20 नवंबर को पूर्वाह्न 8 बजे से सांय 5 बजे तक मतदान की प्रक्रिया, जबकि 22 नवंबर को पूर्वाह्न 8 बजे से मतगणना की जाएगी। इसके साथ ही संबंधित ग्राम पंचायतों एवं प्रादेशिक निर्वाचन क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। जो मतगणना की समाप्ति तक प्रभावी रहेगी।

### मेले में मेलार्थियों ने की जमकर खरीदारी

चमोली : खंसर घाटी के माईथान में राज्य स्थापना सांस्कृतिक एवं किसान विकास मेले के तीसरे दिन मेले में काफी भीड़ रही। मेलार्थियों ने मेले में जमकर गर्म कपड़ों की खरीदारी की तथा विद्यालयों एवं ममंदलों के रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भरपूर मनोरंजन किया। तीसरे दिन मेले का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक अनिल नौटियाल ने किया। विधायक ने स्यंम के संसाधानों से आयोजित होने वाले इस मेले की सराहना करते हुए हरसंभव सहायता देने की बात कही। इस मौके पर मेला अध्यक्ष संजय पुण्डीर,जिपंस अनीता रावत, पूर्व जिपंस अवतार पुण्डीर, राधा देवी, राकेश नेगी, नारायण बिष्ट, महावीर रावत सहित कई क्षेपंस, प्रधान मेलार्थी मौजूद रहे।

# दिल्ली कार धमाके में मारे गए लोगों को दी श्रद्धांजलि

जयन्त प्रतिनिधि।



धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि देते कांग्रेसी

कोटद्वार : जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से एक श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें दिल्ली लाल किले में कार धमाके में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

मंगलवार को जिलाध्यक्ष विनोद डबराल के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्त्ता कांग्रेस कार्यालय में एकत्रित हुए जहां पर उन्होंने विस्फोट में मारे गए लोगों को श्रद्धाजंलि दी, साथ ही घायलों की शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। विनोद डबराल ने कहा कि देश के बड़े नेताओं के लिए सभी जगह पुलिस की व्यवस्था की गई है, लेकिन आम लोगों की सुरक्षा के लिए कोई व्यवस्था नहीं की गई है। कहा कि दिल्ली के लालकिले जैसे महत्वपूर्ण स्थान पर इस प्रकार की घटना होने से आम लोगों में भय का माहौल बना हुआ है। कहा कि इस घटना में पाकिस्तानी आंतकवादियों का भी हाथ हो सकता है।

कहा कि आंतकवादियों की पहचान कर उन्हें फांसी की सजा दी जाए। इस मौके पर गोपाल सिंह गुसांई, दलीप सिंह रावत, विनोद रावत, लक्ष्मी चौहान, नरेंद्र सिंह, प्रदीप नेगी, प्रेम सिंह पयाल, रमेश चंद्र खंतवाल, योगेंद्र चौहान मौजूद रहे।

# रामलीला हमारी संस्कृति और आदर्शों का है जीवंत स्वरूप : डॉ. शिवचरण

जयन्त प्रतिनिधि।



आयोजित रामलीला मंचन में प्रस्तुति देते कलाकार

पैठाणी : श्री आदर्श राठ रामलीला मंचन समिति की ओर से पैठाणी में रामलीला का मंचन किया जा रहा है। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य डा. शिवचरण नौडियाल ने अभिभावकों से अपने बच्चों को अपनी संस्कृति व सभ्यता से परिचय करवाने की अपील की। कहा कि रामलीला हमारी संस्कृति और आदर्शों का जीवंत स्वरूप है।

रामलीला मंचन मेन बाजार पैठाणी पार्क में किया जा रहा है। छठवें दिवस में पहुंचे जिला पंचायत सदस्य टीला डॉ. शिवचरण नौडियाल ने रामलीला मंचन की सराहना करते हुए कहा कि रामलीला केवल एक मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि हमारी प्राचीन संस्कृति, संस्कार और आदर्शों का जीवंत स्वरूप है। उन्होंने श्रीराम के वनवास का उदाहरण देते हुए कहा कि जब एक पुत्र ने पिता की आज्ञा पर 14 वर्ष का वनवास स्वीकार किया तो उसका छोटा भाई भी सबकुछ छोड़कर साथ चला गया। यही हमारे संस्कार हैं, जो आज के समय में नई पीढ़ी को जानने और अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि अगर हमें अपनी संस्कृति और परिवार को बचाना है तो नशे से दूरी बनानी ही होगी। मंचन में दिखाया गया कि भगवान राम, लक्ष्मण और सीता वन गमन करते हुए पंचवटी पहुंचते हैं। वहां रावण की बहन शूर्पणखा आती है और राम-लक्ष्मण को देखकर उनसे आकर्षित होती है। वह उनसे विवाह का प्रस्ताव रखती है। जब दोनों भाई उसके प्रस्ताव को ठुकरा देते हैं, तो वह राक्षसी वेश में आकर सीता पर हमला करने का प्रयास करती है। भगवान श्रीराम की आज्ञा पाकर लक्ष्मण शूर्पणखा के नाक और कान काट देते हैं। इसके बाद शूर्पणखा खर-दूषण के पास जाती है, जो अपनी राक्षसी सेना के साथ बदला लेने के लिए राम से युद्ध करते हैं और सभी श्रीराम के हाथों मारे जाते हैं। शूर्पणखा फिर रावण से गुहार लगाती है। रावण युद्ध के बजाय सीता का हरण करने की योजना बनाता है। इस योजना के तहत, रावण मारीच को स्वर्ण मृग बनने के लिए मजबूर करता है। जब राम और लक्ष्मण कुटिया में नहीं होते, तो रावण मौका पाकर सीता का हरण कर लेता है। कलाकारों की इस प्रस्तुति की दर्शकों ने खूब सराहना की। इस अवसर पर पूर्व राज्य मंत्री राजेंद्र रौथाण, अधिशासी अभियंता पाबौ शिवम मित्तल, यूसीएफ के निवर्तमान चेयरमैन मातबर रावत, रामलीला समिति अध्यक्ष मनवर सिंह, नरेंद्र नेगी, संरक्षक वीरेंद्र रावत, डायरेक्टर नत्थी राम नौडियाल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के खंड कार्यवाह आनंद रावत पार्थ, प्रधान घंडियाली डबल रावत, पूर्व प्रधान खण्ड तल्ली आनन्दमणि, दीपक सिंह नेगी आदि उपस्थित रहे।

# पिलखी पीएचसी जल्द बनेगा सीएचसी

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पिलखी को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उच्चीकरण की वित्तीय स्वीकृत मिल गई है। जिससे आने वाले समय में इस अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं में बढ़ोत्तरी होगी।

अस्पताल के उच्चीकरण के लिए मुख्यमंत्री ने 14.83 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। पीएचसी पिलखी की स्वास्थ्य सेवाओं को दुरूस्त करने को लेकर बीते दो सप्ताह से स्थानीय लोगों का धरना चल रहा है। इस बीच सरकार ने विधायक शक्ति लाल शाह की मांग पर अस्पताल के उच्चीकरण की वित्तीय स्वीकृति दे दी है। सीएमओ डॉ. श्याम विजय ने बताया कि वर्तमान में पीएचसी पिलखी डिलीवरी सहित विभिन्न सेवाओं को देने के मामले में प्रदेश में अव्वल नंबर है। उन्होंने सितम्बर और अक्तूबर माह में दो प्रसूताओं की रेफर के बाद श्रीनगर अस्पताल में हुई मृत्यु पर शोक जताते हुए सेवाओं को और बेहतर करने का भरोसा दिया है। सीएमओ ने बताया कि पीएचसी पिलखी में पुराने भवनों को ध्वस्त करने के लिए लोनिवि घनसाली को पत्र लिखा है। इसके बाद नए भवन निर्माण किए जांएगे। इस दौरान प्री-फेब्रिकेटेड भवन में पीएचसी पिलखी की सेवाएं संचालित की जाएंगी, साथ-साथ में नए भवन का निर्माण किया जाएगा। भवन बनने के बाद विधिवत तरीके से यहां पर सीएचसी का संचालन शुरू हो जाएगा। उन्होंने बताया कि फिलहाल अस्पताल में स्थापित एक्सरे मशीन के संचालन के लिए भी टेक्नीशियन की तैनाती के प्रयास किए जा रहे हैं।

## एक नजर

### सीएचसी चंबा में सप्ताह में दो दिन पहुंचेंगे विशेषज्ञ डाक्टर

नई टिहरी : चंबा सीएचसी में स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर करने को लेकर संचालित आंदोलन रंग लाने लगा है। टिहरी विधायक किशोर उपाध्याय और डीएम नितिका खंडेलवाल के निर्देश पर सीएमओ डॉ. श्याम विजय ने सीएचसी चंबा में प्रत्येक सप्ताह में शुक्रवार और शनिवार को दो विशेषज्ञ डॉक्टरों की तैनाती के निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को जिला चिकित्सालय में तैनाती स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रियंका और प्रत्येक शनिवार को जिला अस्पताल के बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. वैभव चंद रमोला सीएचसी चंबा में सेवाएं देंगे। जिससे यहां के लोगों को इलाज के लिए नई टिहरी अथवा नरेंद्रनगर जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। सीएमओ ने बताया कि अस्पतालों में स्वास्थ्य सेवाएं और बेहतर करने के प्रयास किए जा रहे हैं। (एजेंसी)

### कांग्रेस नेताओं ने उपनल कर्मचारियों को दिया समर्थन

देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना की अगुवाई में कांग्रेस नेता उपनल कर्मचारी को समर्थन देने पहुंचे। धस्माना ने कहा कि अब आश्वासन से काम नहीं चलेगा। उपनल कर्मचारियों को संबोधित करते हुए धस्माना ने कहा कि समान कार्य समान वेतन का शासनादेश जारी होना चाहिए। साथ ही नियमितिकरण के लिए चरणबद्ध योजना की घोषणा भी सरकार को तत्काल करनी चाहिए। धस्माना ने कहा कि अगर सरकार कोर्ट के आदेशों का पालन नहीं करती है तो कर्मचारियों को अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का संकल्प ऐलान लेकर इस लड़ाई को लड़ना चाहिए। धस्माना के साथ उपनल कर्मचारियों के धरने में राष्ट्रीय प्रवक्ता सुजाता पॉल, प्रदेश कांग्रेस अनुसूचित जाति विभाग अध्यक्ष मदन लाल, कांग्रेस नेता रघुबीर सिंह बिष्ट पहुंचे। इधर, कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता डॉ. प्रतिमा सिंह ने कहा कि उपनल कर्मचारियों की हड़ताल से दून अस्पताल और हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज में स्वास्थ्य सेवाएं लड़खड़ा गई हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार लगातार कर्मचारियों की अनदेखी कर रही है।

### कवि सम्मेलन और मुशायरा आयोजित कर मनाया इकबाल दिवस

देहरादून। अंतरराष्ट्रीय उर्दू दिवस और उत्तराखंड की रजत जयंती के उपलक्ष्य में मुशायरे का आयोजन किया गया। शिमला बाईपास स्थित वन विहार कॉलोनी में सर सैयद हाल में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ तिलावत ए कलाम ए पाक ने किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मशहूर शायर जनाब नादीम बरनी ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर एफएम चैनल के डायरेक्टर मनीष भट्ट ने शिरकत की। इस अवसर पर डॉ एसए अंसारी , सामाजिक कार्यकर्ता राव नसीम साहब, इंद्राणी पांधी साहिबा (हिमाचल न्यूज़) अंबिका रूही साहिबा, सैयद उवेस अहमद, मोनिका मंतशा, इकबाल आज़र, सतीश बंसल, डॉ. सुहेला अहमद साहिबा, इनाम रमज़ी, इफ्तिखार सागर, कवी अरोड़ाख, खुर्शीद सिद्दीकी, डॉ. मुख्तार अहमद, डॉ. इमरान अहमद, मेराज अहमद, एमएम खान, डॉ. मोहम्मद सलमान अलीग, लेफ्टिनेंट मोहम्मद सलीम, मोहम्मद जहांगीर, डॉ. जमशेद उस्मानी, मोहम्मद इकराम, गुलाम साबिर, अशरफ हाशमी, सैयद सुहेल ज़मीर, आरिफ सिद्दीकी, खालिद फ़ारुक़ी, इंजीनियर मुश्ताक अहमद अलीग, एडवोकेट सैयद हैदर अली सपरिवार, सैयद जावेद अख़्तर, नवेद हाशमी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने राष्ट्रीय सुरक्षा पर उठाए सवाल, दी श्रद्धांजलि

देहरादून। दिल्ली बम धमाके की घटना के बाद मंगलवार को कांग्रेस मुख्यालय में प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जान गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी। इस घटना को सुरक्षा में चूक की वजह से होना बताया और राष्ट्रीय सुरक्षा पर सवाल उठाए। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में पार्टी नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौन रखकर दिवंगत आत्माओं को श्रद्धांजलि अर्पित की और घायलों के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की। महापौर प्रत्याशी रहे वीरेंद्र पोखरियाल ने कहा कि देश की राजधानी के हृदयस्थल लालकिले जैसे उच्च–सुरक्षा क्षेत्र में बम धमाका होना, केंद्र सरकार की गंभीर सुरक्षा विफलता को उजागर करता है। यह केवल खुफिया एजेंसियों की चूक नहीं, बल्कि सरकार की संवेदनशीलता और तत्परता पर प्रश्नचिह्न है। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि केंद्र सरकार को इस घटना की जवाबदेही तय करनी चाहिए,

# हैप्रेक और हिमालया वेलनेस कंपनी बेंगलुरु के बीच हुआ एमओयू साइन



जयन्त प्रतिनिधि। श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि के उच्च शिखरीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र (हैप्रेक) और हिमालया वेलनेस कंपनी बेंगलुरु के बीच औषधीय एवं सुगंधित पौधों की व्यावसायिक खेती और अनुसंधान सहयोग को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एमओयू साइन हुआ है। हस्ताक्षर हुए समझौते के अंतर्गत हैप्रेक अपनी नर्सरी में दारुहल्दी की औषधीय पौधों को विकसित करने का कार्य करेगा। हैप्रेक संस्थान के निदेशक डॉ. विजयकांत पुरोहित ने बताया कि यह समझौता न केवल पर्यावरण संरक्षण और औषधीय वनस्पतियों के संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि यह स्थानीय समुदायों के आजीविका सृजन में भी अहम भूमिका निभाएगा। बताया कि औषधीय पौधों की संगठित खेती से जंगली प्रजातियों पर दबाव कम होगा और पहाड़ी किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा तथा उन्हें वैज्ञानिक खेती की आधुनिक तकनीकों से जोड़ने का अवसर प्राप्त होगा। डॉ. पुरोहित ने बताया कि यह साझेदारी हैप्रेक संस्थान से स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं के लिए भी नई संभावनाएं लेकर आई है। इस एमओयू के अंतर्गत हिमालया कंपनी छात्रों को औद्योगिक प्रशिक्षण, इंटर्नशिप और शोध परियोजनाओं के अवसर उपलब्ध कराएगी। जिससे उन्हें व्यावहारिक अनुभव और कौशल विकास का लाभ मिलेगा। हैप्रेक के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुदीप सेमवाल ने बताया कि यह समझौता हिमालया जैसे अग्रणी ओद्योगिक कंपनी के साथ मिलकर पहाड़ी क्षेत्रों में औषधीय पौधों के संरक्षण, अनुसंधान और व्यावसायिक उपयोग को नई दिशा देगा। बताया कि हिमालया वेलनेस कंपनी के हेड-बॉटेनिकल एक्सट्रैक्शन यूनिट डॉ. अतुल एन. जाधव ने इस पहल को एक विन-विन मॉडल बताते हुए कहा कि इससे स्थानीय पारिस्थितिकी तंत्र के संरक्षण के साथ-साथ युवाओं में हरित उद्यमिता को भी बढ़ावा मिलेगा। कहा कि यह तीन-वर्षीय परियोजना उत्तराखंड राज्य में पर्यावरणीय स्थिरता, जैव विविधता संरक्षण और हरित अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगी।




# डेंगू के लक्षण दिखने पर डॉक्टर की सलाह लें

जयन्त प्रतिनिधि। पौड़ी : विकासखंड एकेश्वर क्षेत्र के अन्तर्गत राजकीय प्राथमिक विद्यालय पैंछारी में आशाएं सेवा विकास समिति नौगांवखाल द्वारा डेंगू से बचाव हेतु जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। मंगलवार को आयोजित शिविर में समिति के कार्यक्रम प्रभारी डॉ. विजेन्द्र सिंह ने बताया कि डेंगू बुखार मादा एडीज मच्छरों के काटने से होता है। डेंगू मच्छर सूर्योदय से दो घंटे पहले और सूर्यास्त से कुछ देर पहले काटता है। इसलिए पूरी बाजू के कपड़े पहनें। घर के अंदर व बाहर पानी एकत्रित न होने दें। साथ ही डेंगू होने पर पपीते के पत्ते, नीम और बकरी के दूध का सेवन चिकित्सक के परामर्श अनुसार रोगी को कराना चाहिए। उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षण तेज बुखार, मांसपेशियों में दर्द होने पर शीघ्र ही डाक्टर को दिखाएं। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यापक गुणानंद, आंगनवाड़ी सहायिका शोभा देवी, समिति के पदाधिकारी नीरज पांथरी, मुग्धा सेमवाल, लक्ष्मी बडोला, देवेश्वरी, सुमित आदि मौजूद थे।

# शिविर में वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन प्रमाण पत्र जारी



जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : समाज कल्याण विभाग द्वारा मंगलवार को विकासखंड जखोली के दूरस्थ क्षेत्र कैलाश बांगर में बहुउद्देशीय शिविर का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास, पंचायती राज विभाग, खाद्य सुरक्षा विभाग तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की सहभागिता रही।

शिविर में 25 वृद्धावस्था पेंशन, 13 विधवा पेंशन, 10 दिव्यांग पेंशन और 02 किसान पेंशन के आवेदन स्वीकार किए गए। ग्राम विकास विभाग द्वारा 31 बीपीएल प्रमाण पत्र तथा पंचायती राज विभाग द्वारा 13 परिवार रजिस्टर की नकल जारी की गईं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा 7 दिव्यांग प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र द्वारा दिव्यांगजनों के आधार कार्ड बनाने का कार्य भी किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ओपीडी सेवाएं प्रदान की गई तथा स्वास्थ्य परीक्षण कर दवाइयां वितरित की गईं। कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा नशामुक्त भारत अभियान एवं नाजायज तरीके से ऋण वसूलने वालों के विरुद्ध जागरूकता भी दिलाई गई। स्थानीय स्तर पर दिव्यांगजन सहायता एवं स्वास्थ्य सेवाओं का महत्व समझाते हुए ग्रामीणों को योजनाओं से लाभान्वित होने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर डॉ. अमित, अंकुर ठाकुर, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी गौरव लोहानी, सहायक प्रबंधक निगम गोविन्द टम्टा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीण मौजूद रहे।

### स्कूटी बस से टकराई, तीन युवक गंभीर घायल

रुद्रप्रयाग : परीक्षा देने कॉलेज जा रही दो छात्राओं ने स्कूटी सवार युवक से लिफ्ट ली। वह बदरीनाथ हाईवे पर नगरासू के पास पहुंचे ही थे कि स्कूटी बस से टकरा गई और हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया जहां से तीनों को हायर सेंटर श्रीकोट बेस अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं हादसे के बाद कुछ समय के लिए बदरीनाथ हाईवे पर यातायात बाधित रहा, जिसे पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सामान्य कराया। तमन्ना (19) और सिमरन (19), निवासी गगोठू नगरासू दोनों कर्णप्रयाग महाविद्यालय में बीए की छात्रा हैं। वह मंगलवार को परीक्षा देने के लिए 16 किमी. दूर कॉलेज जा रही थीं लेकिन ब्रांच रूट पर वाहन नहीं मिला। तभी वहां से आशीष (23) निवासी नारायणबगड़ स्कूटी से जा रहे थे तो दोनों छात्राओं ने उनसे लिफ्ट ले ली। स्कूटी सवार बदरीनाथ हाईवे पर नगरासू के पास पहुंची ही थी तभी एक बस कर्णप्रयाग से हरिद्वार की ओर जा रही थी और स्कूटी से टकरा गई। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को तुरंत रुद्रप्रयाग अस्पताल लाया गया।

# विद्यार्थियों को दी कानूनी जानकारी, बताए अधिकार

**जयन्त प्रतिनिधि।**

सतपुली : जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पौड़ी के तत्वावधान में मंगलवार को राजकीय महाविद्यालय सतपुली खैरासैंण में विधिक एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को उनके विधिक अधिकारों, निःशुल्क विधिक सहायता, महिला एवं बाल अधिकारों के बारे में जानकारी दी गई। इस मौके आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से स्मृति चिन्ह एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।



सिविल जज जूनियर डिवीजन सतपुली नेहा ने छात्र-छात्राओं को विभिन्न कानूनी जानकारियां दी। उन्होंने महिला अपराध तथा पोस्को एक्ट सहित बाल अपराध, शिक्षा का अधिकार के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधिक साक्षरता से समाज में न्याय के प्रति जागरूकता आती है और हर व्यक्ति अपने अधिकारों की रक्षा कर सकता है। इस मौके पर सतपुली के थाना प्रभारी जगमोहन रमोला ने शिविर में साइबर क्राइम और नशे से बचाव की जानकारी दी। प्रभारी प्राचार्य डॉ. राकेश ईष्टवाल, डॉ. विमल कुमार, डॉ. किशोरी लाल शाह, डॉ. विपिन चंद, डॉ. अवधेश उपाध्याय, डॉ. वीर सिंह, डॉ. अर्जुन रवि, डॉ. मनवीर सिंह, डॉ. हिमानी बिष्ट, विजया पंवार, नीरज, मनीष, अजय आदि मौजूद रहे।

# श्रीराम का राज्याभिषेक के साथ रामलीला मंचन का हुआ समापन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ी : जनपद पौड़ी के विकासखंड कल्जीखाल अंतर्गत पट्टी मनियारस्यूं के ग्राम थापला में आयोजित सात दिवसीय रामलीला मंचन का मंगलवार को राजतिलक के साथ सम्पन्न हो गया है। अंतिम दिवस राम, लक्ष्मण, सीता, भरत शत्रुघ्न, हनुमान सहित अन्य पत्रों के किरदार निभाने वाले व्यक्तियों ने गांव में शोभा यात्रा निकाली। इस मौके पर अस्त्र-शस्त्रों की पूजा व हवन किया गया।



रामलीला समिति के संयोजक संजय असवाल ने सात दिवसीय रामलीला मंचन में अभिनय करने वाले सभी कलाकारों एवं रामलीला मंचन देखने आए दर्शकों का आभार व्यक्त किया। कहा कि रात्रि की रामलीला मंचन होने, ठंड और जंगली जानवरों का भय की प्रवाह न करते हुए निर्भीक होकर दर्शक रामलीला मंचन देखने आये। कहा कि सोशल मीडिया के बावजूद भी रामलीला मंचन जैसे धार्मिक आयोजन के प्रति आज भी गांवों की महिलाओं की आस्था कम नहीं हुई। उन्होंने कहा कि अगले वर्ष बेहतरीन मंचन करने का और प्रयास करेंगे। इस मौके पर मुख्य अतिथि समाजिक कार्यकर्ता एवं ग्रामीण पत्रकार जगमोहन डांगी ने कहा कि भगवान श्रीराम का चरित्र संपूर्ण मानवता के लिए आदर्श हैं। उन्होंने त्याग, मर्यादा, धर्म और सत्य के मार्ग पर चलकर समाज को आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा दी है। वहीं, भगवान राम के चरित्र से हमें कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और कर्तव्य का पालन करने की सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में एक-दूसरे को जोड़ने का काम करते है। इस मौके पर सज्जन सिंह नेगी, रामलीला समिति के अध्यक्ष गिरीश बिष्ट, उपाध्यक्ष दलवीर सिंह रावत, महामंत्री शिवनारायण सिंह असवाल, कोषाध्यक्ष मनीष रावत, सचिव अमन रावत, निर्देशक अनिल नैथानी, धर्मानंद थपलियाल, परमानंद थपलियाल, पंडित सुशील कुकरेती, जगमोहन सिंह, दिनेश कुकरेती, आशा देवी, सरोज देवी, सुनीता देवी, रेखा देवी, सरोजनी देवी आदि मौजूद थी।

### अरूणांचल की मंत्री दासंगलू ने किया टिहरी बांध का भ्रमण

नई टिहरी : अरूणाचल प्रदेश की विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, महिला एवं बाल विकास तथा सांस्कृतिक मंत्री दासंगलू पुल व उनके साथ आये प्रतिनिधि मंडल ने टिहरी बांध भ्रमण किया। टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड के भागीरथीपुरम अतिथिगृह पहुंचने पर मुख्य तकनीकी अधिकारी टीएचडीसी इण्डिया लिमिटेड के एलपी जोशी ने मंत्री दासंगलू का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। टिहरी बांध परियोजना निर्माण एवं बांध निर्माण से हुए पुनर्वास संबंधी जानकारी से भी अवगत कराया। मंत्री दासंगलू पुल और उनके साथ आये अरुणाचल प्रदेश सरकार के अधिकारीगण तथा विभिन्न जनप्रतिनिधिगणों ने टिहरी बांध परियोजना के विभिन्न स्थलों एवं पुनर्वास स्थलों का निरिक्षण किया गया। परियोजना भ्रमण के दौरान महाप्रबंधक (पुनर्वास समन्वय) विजय सहगल ने टिहरी बांध परियोजना के विभिन्न कार्यस्थलों, बांध निर्माण, पॉवर हाउस एवं विद्युत उत्पादन सम्बन्धी तथा पुनर्वास सम्बन्धी विस्तृत जानकारी से अवगत कराया गया।

# आंदोलनकारियों ने की सीएमओ के निलंबन की उठाई मांग

नई टिहरी : भिलंगना ब्लॉक में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर आंदोलन 17वें दिन भी जारी रहा। आंदोलनकारियों ने शासन-प्रशासन के उपेक्षापूर्ण रवैये पर नाराजगी जताते हुए आंदोलन को तेज करने की चेतावनी दी है। घनसाली क्षेत्र के दो बड़े अस्पताल सीएचसी बेलेश्वर व सीएचसी पिलखी में विशेषज्ञ डाक्टरों-मेडिकल स्टॉफ की नियुक्ति तथा दो प्रसूताओं को मौत को लेकर आंदोलनकारी विगत 17 दिनों से घनसाली व पिलखी में धरने पर डटे हुए है। इसके साथ ही क्षेत्र की आम जनता को आंदोलन से जोड़ने के लिए न्याय पंचायत स्तर पर मशाल जुलूस निकाले जा रहा है। कोटी फैगुल के पटागली में आज शाम को विशाल मशाल जुलूस निकाला जाएगा। स्वास्थ्य संघर्ष समिति के महासचिव विनोद लाल शाह ने कहा कि, टिहरी सीएमओ के द्वारा दिए गए बयान पर कार्यवाही न होने से लोग खासे नाराज है। उन्होंने सीएमओ पर आंदोलन को कमजोर करने व अनर्गल बयानबाजी करने का आरोप लगाते हुए शीघ्र उनके निलंबन की मांग की। धरने पर बैठने वालों में संदीप आर्य, विनोद लाल शाह, अनुज शाह, विक्रम घनाता, अजय कंसवाल, भीमलाल आर्य, शूरवीर लाल, जसवीर नेगी, देव सिंह बिष्ट सहित कई अन्य लोग शामिल रहे।

प्रतापनगर में महिलाओं ने दिया धरने को समर्थन प्रतापनगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौण्ड में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने सहित अन्य मांगों को लेकर लोगों का धरना मंगलवार को भी जारी रहा। इस मौके पर क्षेत्र की महिलाओं ने आंदोलन को समर्थन देते हुए धरना दिया।

# एसबीआई एप में पैन कार्ड अपडेट करने को एपीके फाइल भेज 2.50 लाख उड़ाए

देहरादून। एसबीआई की योनो एप में पैन कार्ड अपडेट करने के लिए एपीके फाइल भेजकर 2.50 लाख रुपये ट्रांसफर कर लिए गए। शिकायत पर कैंट कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। साइबर धोखाधड़ी श्याम सिंह सुनवार निवासी टी एस्टेट, लोहरवाला के साथ हुई। बताया कि बीते 25 अक्तूबर को अनजान नंबर से व्हाट्सएप पर एक मैसेज आया। जिसमें एसबीआई योनो पैन कार्ड अपडेट लिखकर एपीके फाइल दी गई। साथ में पैन कार्ड इमीडिएटली अपडेट दर्ज था। पीड़ित ने मैसेज को सही समझकर एपीके फाइल में दी एप डाउनलोड कर ली। उसमें मिले पेज को खोला। तभी एक अनजान नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को एसबीआई का अधिकारी बताया। उसने जल्द से लिंक में डिटेल भरने को कहा। एप से खुले पेज में जैसे–जैसे जानकारी मांगी पीड़ित भरता गया। इसके बाद 27 अक्तूबर को सुबह पीड़ित ने चेक किया उसके एसबीआई कौलागढ़ रोड स्थित बैंक खाते से अलग–अलग ट्रांजेक्शन में ट्रांसफर किए गए। तब पीड़ित को समझ आया कि एसबीआई के नाम साइबर ठगों ने एपीके एप भेजी थी। उन्होंने साइबर अपराध थाने में तहरीर दी। वहां शिकायत कैंट थाने भेजी गई। इंस्पेक्टर कैंट केके लुंठी ने बताया कि शिकायत पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। एपीके फाइल से बचें साइबर अपराध थाने के एएसपी कुश मिश्रा ने बताया कि एंड्रायड पैकेज किट (एपीके) फाइल के साथ बैंकिंग मामले का गंभीर संदेश भेजकर साइबर ठग इसे लोगों के फोन में स्टाल कराते हैं।

### गोरखा मिलिट्री कॉलेज को दिए 56 हजार रुपये

देहरादून। मॉर्निंग सौकर शौकीन फुटबाल खिलाड़ियों ने गोरखा मिलिट्री इंटर कॉलेज के सहयोग के लिए 56,890 रुपये सहयोग प्रदान किया है। मंगलवार को क्लब के सदस्य स्कूल पहुंचे और धनराशि प्रदान की। कोच डा. विरेंद्र सिंह रावत ने बताया कि देहरादून के इतिहासिक स्कूल गोरखा मिलेट्री इंटर कॉलेज गढ़ी कैंट की स्थापना 1925 में हुई थी।

स्कूल में एक दौर में फुटबाल का बेहतरीन जूनून था। स्कूल से कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी निकले। उन्होंने बताया कि अब स्कूल की 100 वर्षों की लीज खत्म हो गई है। आर्मी अब स्कूल को अपने अधीन लेना चाहती है। उन्होंने मांग की कि स्कूल की लीज 100 साल और बढ़ाई जाए।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की चार जिलों की समीक्षा




देहरादून। मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने मंगलवार को सचिवालय में वीडियो कॉफ्रेंस में माध्यम से देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में विशेष गहन पुनरीक्षण की तैयारियों, बीएलए की नियुक्ति एवं निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गए निर्देशों पर विस्तृत चर्चा की गई।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी जनपदों को एसआईआर की तैयारियों के दृष्टिगत 2003 की वोटर लिस्ट में शामिल मतदाताओं का वर्तमान मतदाता सूची में शत प्रतिशत मिलान हेतु विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि जो मतदाता वर्तमान में दूसरे स्थानों पर शिफ्ट हो गए हैं उनसे बीएलओ व्यग्तिगत रुप से संपर्क कर उनकी निर्धारित कैटेगरी में मैपिंग करें। उन्होंने कहा कि इस पूरी तैयारी का उद्देश्य यह है कि मतदाताओं को एसआईआर के समय किसी भी प्रकार की परेशानी ना हो।मुख्य निर्वाचन अधिकारी डॉ. बी.वी.आर.सी. पुरुषोत्तम ने जिलाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बूथ लेवल एजेंट्स की शत प्रतिशत नियुक्ति हेतु राजनैतिक दलों से पुनः बैठक कर दी जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मताताओं की सुविधा हेतु ईसीआई–नेट ऐप पर ह्वबुक अ कॉल बिद बीएलओह्व की सुविधा दी गई है,जिसके जरिए मतदाता अपने बीएलओ के साथ कॉल बुक कर सकते हैं।

बैठक में संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रकाश चंद्रा, डिप्टी डीईओ देहरादून अभिनव शाह, डिप्टी डीईओ हरिद्वार फिंचाराम, उप मुख्य निर्वाचन अधिकारी किशन सिंह नेगी, सहायक मुख्य निर्वाचन अधिकारी मस्तू दास, राज्य स्वीप नोडल विनय कुमार सहित देहरादून, हरिद्वार, नैनीताल, ऊधमसिंह नगर के जिलाधिकारी वर्चुअल रुप से शामिल रहे।

# होमस्टे योजना से चकराता की नीलम को मिली नई उड़ान — बनी आत्मनिर्भरता की मिसाल

देहरादून। उत्तराखंड अपनी लोक संस्कृति, तीर्थ स्थल के साथ साथ साहसिक पर्यटन का केंद्र बन रहा है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी पर्यटन गतिविधियों को लगातार आगे बढ़ाने में जुटे है। पर्यटन गतिविधियों को लेकर प्रदेश सरकार के माध्यम से संचालित विभिन्न योजनाएं पहाड़ के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। इसका जीता जागता उदाहरण देहरादून जनपद के चकराता ब्लॉक की रहने वाली नीलम चौहान ने पेश किया है। इन्हें हाल ही में रजत जयंती वर्ष के अवसर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सर्वश्रेष्ठ होमस्टे संचालक के तौर पर पुरस्कृत किया गया।



चकराता ब्लॉक की ग्राम पाटी की निवासी नीलम चौहान ने वर्ष 2022–23 में स्वरोजगार हेतु पर्यटन विभाग की पंडित दीनदयाल उपाध्याय होमस्टे योजना के अंतर्गत 15 लाख की राजकीय सहायता प्राप्त कर होमस्टे व्यवसाय शुरू किया। पहाड़ी वास्तुकला से बना नीलम का ह्यह्यहरुल–ए–बुटीक होमस्टेह्लह्ल बड़े पैमाने पर पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। साथ ही स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा दे रहा है। चकराता की पहाड़ियों में बसा नीलम चौहान का 06 भवन और डाइनिंग हॉल समेत कॉटेज वाला हरुल–ए–बुटीक होमस्टे पर्यटकों को चकराता की सुंदर वीडियो का भी अनुभव कर रहा है। जहां से पर्यटक सीधे टाइगर फॉल, देवबन, बंदरपंच के बर्फीले शिखर के साथ चकराता की सुंदरता को निहार रहे हैं। पहाड़ी व्यंजनों जैसे मंडवा की रोटी, गहत का शूप, झगोरे की खीर का स्वाद इस होमस्टे में पर्यटकों का दिल छू रहा है। इस होमस्टे के व्यवसाय से नीलम प्रति वर्ष 25 से 30 लाख की आय अर्जित कर रही है। नीलम ने पर्यटकों की सुख सुविधाओं के साथ गांव के 07 लोगों को होमस्टे में रोजगार देकर जॉब गिवर के तौर पर भी मिसाल पेश की है। नीलम चौहान ने बताया कि सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं वास्तव में महिलाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। पर्यटन विभाग से पंडित दीनदयाल उपाध्याय होम स्टे योजना से उन्होंने अपना होम स्टे बनाकर तैयार किया। होमस्टे से वह सालाना 25 से 30 लाख की आय कमा रही है। उन्होंने बताया कि होमस्टे में पहाड़ी व्यंजनों के साथ यहां की सुंदरता भी पर्यटकों को काफी लुभा रही है। नीलम ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा मिले पुरस्कार से मेरा आत्म मनोबल बड़ा है। महिलाएं इस रोजगार से जुड़कर अपने आप को आत्मनिर्भर बना सकती हैं।

जिला पर्यटन अधिकारी वृजेन्द्र पांडेय ने बताया कि जनपद देहरादून की चकराता निवासी नीलम चौहान ने पर्यटन विभाग की पंडित दीन दयाल उपाध्याय होम स्टे योजना का लाभ लिया। जिससे कि वे स्वरोजगार से जुड़कर न केवल आत्मनिर्भर बनी है, बल्कि आसपास के लोगों को रोजगार देकर एक प्रेरणा का काम कर रही है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में पर्यटन को प्रोत्साहित करने हेतु युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार के प्रति प्रतिबद्धता और पर्यटन को बढ़ावा देने की पहल से आज चकराता की नीलम चौहान स्वरोजगार की राह पर अनेक लोगों के लिए भी प्रेरणा स्त्रोत का काम कर रही है।

### विधायक कपूर ने किया सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण

देहरादून। वार्ड 39 इन्द्रा नगर शास्त्री नगर क्षेत्र में सीसी सड़क निर्माण कार्य का लोकार्पण मंगलवार को कैंट विधायक सविता कपूर ने किया। यह कार्य विधायक निधि वर्ष 2024–25 के अंतर्गत स्वीकृत और संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान विधायक सविता कपूर ने कहा कि क्षेत्रवासियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि सड़क निर्माण कार्य पूरा होने से स्थानीय निवासियों को सुगम आवागमन की सुविधा मिलेगी और क्षेत्र के समग्र विकास को गति मिलेगी। इस अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद प्रवीण नेगी, मंडल अध्यक्ष राहुल चौहान, तेजपाल सैनी, शतीश साहनी, लाडो रानी, सूरज बिष्ट सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com